राधा मीरा दिवानी है घनश्याम की

राधा मीरा दिवानी है घनश्याम की।
जपती दोनो ही माला श्याम नाम की ॥

मीरा ढूंढ़े मोहन को हर चौबारे गली,
खिली मन मे राधा के प्रेम की इक कली ।
दोनो ने ज़िंदगानी तेरे नाम की,
जपती दोनो ही माला श्याम नाम की ॥

राधा मीरा दिवानी है घनश्याम की।
जपती दोनो ही माला श्याम नाम की ॥

मीरा गिरधर दर्शन को हर पल रोई,
राधा रानी कान्हा के ख्वाबो मे खोई ।
रही सुध बुध न चैन और आराम की
जपती दोनो ही माला श्याम नाम की ॥

राधा मीरा दिवानी है घनश्याम की।
जपती दोनो ही माला श्याम नाम की ॥

मीरा जैसी भक्ति न मैने देखी कही,
राधा जैसा प्यार जग मे होगा नही ।
'कीर्ति' महिमा गाए कृष्ण धाम की ,
जपती दोनो ही माला श्याम नाम की ॥

राधा मीरा दिवानी है घनश्याम की।
जपती दोनो ही माला श्याम नाम की ॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9632/title/radha-meera-diwani-hai-ghanshyam-ki-jpti-dono-hi-maala-shyam-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |